दिन–शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 18 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　अवधि– 05 मिनट

---

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए आज नामांकन पत्रों की जांच की जा रही है। पहले चरण में अठारह जिलों की एक सौ इक्कीस विधानसभा सीटों के लिए एक हजार छह सौ अंठानवे नामांकन परचे भरे गए हैं। बीस अक्टूबर तक प्रत्याशी नाम वापस ले सकते हैं। इस चरण के लिए छह नवंबर को मतदान होगा। वहीं, दूसरे चरण के एक सौ बाईस विधानसभा क्षेत्रों में अभी तक दो सौ नब्बे नामांकन पर्चे भरे गए हैं। इस चरण के लिए नामांकन की अंतिम तिथि बीस अक्टूबर तक निर्धारित है।

————————————————————————————

विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया जारी है। आज भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कटिहार से नामांकन पर्चा दाखिल किया। भाजपा से ही स्वीटी सिंह ने किशनगंज से, वीणा देवी ने कोचाधामन से, त्रिविक्रम सिंह ने औरंगाबाद से और कविता पासवान ने कोढ़ा से नामांकन पत्र भरा। जदयू से नामांकन करने वालों में अमरपुर से जयंत राज, बरारी से विजय सिंह और कहलगांव से शुभानंद मुकेश शामिल हैं। कांग्रेस के अवधेश सिंह ने वजीरगंज से और मुसब्बिर आलम ने बहादुरगंज से नामांकन किया। एआईएमआईएम के गुलाम हसनैन ने ठाकुरगंज से, हम के ललन राम ने कुटुंबा से, जनसुराज के रामबली सिंह ने कुर्था से और लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के मोहम्मद कलीमुद्दीन ने बहादुरगंज से पर्चा दाखिल किया। इधर, जदयू के बागी विधायक गोपाल मंडल ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में गोपालगंज से नामांकन पत्र भरा।

————————————————————————————

महागठबंधन में सीटों को लेकर जारी विवाद के बीच कांग्रेस के नाराज नेताओं ने आज पटना में बैठक की। इस बैठक में खगड़िया के वर्तमान विधायक छत्रपति यादव, बरबिघा के गजानंद शाही, यूथ कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष नागेन्द्र पासवान और बांका की जिलाध्यक्ष कंचना कुमारी सिंह समेत अन्य नेता मौजूद रहे। बाद में संवाददाताओं से बातचीत में कांग्रेस नेता बंटी चौधरी ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और पार्टी प्रभारी कृष्णा

अल्लावरू पर टिकट बेचने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि महागठबंधन टूटने के कगार पर है। इस बार चुनाव में पार्टी दस सीट भी नहीं जीत सकेगी।

—————————————————————————————

इधर, महागठबंधन के प्रमुख घटक दल राजद ने कांग्रेस को आवंटित सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने की घोषणा की है। औरंगाबाद की कुटुम्बा विधानसभा सीट पर राजद ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के खिलाफ उम्मीदवार उतारने का फैसला किया है। नवादा जिले की वारिसलीगंज सीट पर राजद ने कांग्रेस उम्मीदवार के खिलाफ अनीता देवी को टिकट दिया है। इसी तरह, कई विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस और वाम दलों के बीच दोस्ताना मुकाबला होने की भी संभावना है।

—————————————————————————————

भाकपा—माले ने विधानसभा चुनाव के लिए बीस उम्मीदवारों की सूची जारी की है। इनमें पहले चरण के लिए चौदह और दूसरे चरण के लिए छह उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। दूसरे चरण में सिकटा से वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, पिपरा से अनिल कुमार, बलरामपुर से महबूब आलम, काराकाट से अरूण सिंह, अरवल से महानंद सिंह और घोषी से रामबली सिंह यादव को टिकट दिया गया है।

—————————————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान ने आज पटना में भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। श्री पासवान ने बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि श्री शाह के साथ चुनावी रणनीति पर विचार—विमर्श हुआ और चुनाव प्रचार के दौरान विभिन्न घटक दलों के बीच आपसी तालमेल और समन्वय को लेकर भी बातचीत हुई।

—————————————————————————————

आज धनतेरस का पर्व पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। धनतेरस को धन त्रयोदशी और धनवंतरी जयंती के रूप में भी जाना जाता है। इस दिन भगवान धन्वंतरी की पूजा अर्चना की जाती है। ऐसी मान्यता है कि आज ही के दिन समुद्र मंथन के दौरान भगवान धन्वंतरी अपने हाथ में अमृत कलश लेकर प्रकट हुये थे। इस दिन सोने—चांदी के आभूषण और बर्तन खरीदने का प्रचलन है। माना जाता है कि इससे घर में सुख, समृद्धि और सौभाग्य की वृद्धि होती है। धनतेरस को लेकर राजधानी

पटना सहित प्रदेश भर के बाजारों में सुबह से ही विशेष रौनक देखी जा रही है। आभूषण की दुकानों, गाड़ियों के शोरूम और इलेक्ट्रॉनिक्स तथा बर्त्तन की दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को धनतेरस की शुभकामनाएं दी है।

—————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।